# आधा दर्जन लोगों पर चाकू से प्राणघातक हमला

## दो टीमों ने किया कमाल, 12 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपियों को चाकू समेत गिरफ्तार किया



**कटनी, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं एएसपी संतोष डहरिया, सीएसपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन मे रंगनाथ नगर पुलिस को सफलता हाथ लगी। रंगनाथनगर पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ही हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 14 मई की रात करीबन 10 बजे जिला चिकित्सालय कटनी से सूचना प्राप्त हुई कि मनोज बर्मन तथा उसके मोहल्ले के कुछ लोगों के पर एक व्यक्ति के द्वारा विकाश गुप्ता अस्पताल स्थित बस स्टाप के पास एक व्यक्ति ने चाकू से जानलेवा हमला कर भाग गया है।

इस सूचना पर थाना प्रभारी रंगनाथनगर एसआई नवीन नामदेव के निर्देशन में तत्काल टीम गठित घटनास्थल रवाना हुई और एसआई राजेश दुबे व टीम के द्वारा आरोपी समीर उर्फ बंटा बर्मन की तलाश करना प्रारंभ कर दी गई। दूसरी टीम ने जिला चिकित्सालय पहुंच कर घायल मनोज बर्मन एवं विश्वनाथ बर्मन तथा अन्य 4 लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली। घायलों ने पुलिस को बताया गया कि मोहल्ले का समीर बर्मन उर्फ बंटा ने मनोज बर्मन के साथ विकास गुप्ता अस्पताल स्थित बस स्टाप के पास बीती रात 9 बजे गाली गलौज करते हुये प्राणघातक हमला कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे मनोज बर्मन के अलावा 4-5 लोगों को चोटें आयी हैं।

अपराध के पंजीकरण के बाद लगातार घटनास्थल के आसपास तथा आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई जो आरोपी समीर उर्फ बंटा बर्मन अपने घर के पास बंधवा टोला से गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू को भी जप्त किया गया तथा घटना कारित करने के संबंध में पूछताछ पर आरोपी नें बताया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी नें बदला लेनें की नीयत से घटना को अंजाम देना बताया लेकिन रंगनाथनगर पुलिस की तत्परता से आरोपी को घटना घटित करने के 12 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार किया जाकर जेल की सलाखों का रास्ता दिखाया गया। आरोपी की गिरफ्तारी में एस आईनवीन नामदेव थाना प्रभारी रंगनाथ नगर, एसआई राजेश दुबे, एएसआई विनोद चौधरी, प्रआर अजय तिवारी, प्रआर रामपाल बागरी, प्रआर उमारमन बागरी, आर. अमित सिंह ठाकुर, आर. प्रभाकर सिंह, आर. नवल किशोर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन आज

**कटनी, देशबन्धु।** जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट कटनी के कमरा नं. 125 में शुक्रवार 16 मई को सुबह 11 बजे से प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट ड्राइव मे फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी एवं एसआईएस सेक्यूरिटी अनूपपुर के द्वारा साक्षात्कार रखा गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी. के. पासी ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव मे 18 से 45 वर्ष के इच्छुक बेरोजगार युवा जो स्नातक से स्नाकोत्तर पास (कम्प्यूटर कोर्स एवं अंगेजी का ज्ञान) हो, साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार हेतु अंकसूची, आधार कार्ड, 02 फोटो, पेनकार्ड एवं बायोडाटा साथ लेकर उपस्थित होवें। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों को 14 हजार 500 रूपये मासिक वेतन दिया जायेगा एवं इसमें विकासखंड कटनी के अन्तर्गत कार्य करना होगा।

## भोपाल की घटना के बाद सतर्क हुआ यातायात अमला, जेपीवी डीएवी और डीपीएस स्कूल की 42 बसों की जांच

# इमरजेंसी विंडो के पास लगा रखी थी कुर्सियां



**कटनी, देशबन्धु।** भोपाल के बाणगंगा क्षेत्र में पिछले दिनों स्कूल बस हादसे को लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 13 से 31 मई तक यातायात पुलिस कटनी द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज कुठला थाना अंतर्गत जेपीव्ही डीएव्ही एवं डीपीएस स्कूल की 42 बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण सर्टिफिकेट ड्राइवर, कंडक्टर के लाइसेंस, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन खिड़की, प्रेशर हॉर्न इत्यादि चैक किए गए। जांच के दौरान कुछ बसों में आपातकालीन खिड़की के पास सीटें लगी पाई गई।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि 12 मई को बाणगंगा चौराहे भोपाल पर स्कूल बस द्वारा अनियंत्रित होकर सिग्नल पर खड़े वाहन चालकों को टक्कर मारने की दुखद घटना सामने आई थी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा यात्री बसों एवं स्कूली बसों की चेकिंग हेतु 13 मई से 31 मई तक विशेष अभियान संचालित कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश के परिपालन एवं पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यातायात प्रभारी राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा कुठला अंतर्गत स्थित जेपीव्हीडीएव्ही एवं डीपीएस स्कूल की 42 स्कूली बसों की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग में स्कूली बसों में आवश्यक सुरक्षात्मक उपकरण चैक किए गए। कुछ बसों में आपातकालीन खिड़की के पास कुर्सियां लगी थी, जिन्हें निकलवाया गया, साथ ही सख्त हिदायत भी दी गई है।

## सार-समाचार

### आरईएस विभाग से दमदहा नाला बरही में बन रहा स्टापडेम निर्माण में लग रहा घटिया निर्माण के आरोप

**बरही, देशबन्धु।** कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बनगवां के दमदहा नाला में आरईएस विभाग से चल रहा स्टापडेम निर्माण में पंचायत और बरही नगर के लोगों ने आरोप लगाया है कि स्टापडेम में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जो बनते ही बरसात में बह जाएगा नींव से ही स्टापडेम निर्माण में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है जिम्मेदार अधिकारी कभी निर्माण स्थल नहीं पहुंचने के भी आरोप लग रहे हैं। बिना इंजीनियर की उपस्थिति में ठेकेदार की मनमानी हावी है लोगों के आरोप के साथ-साथ चल रहे स्टापडेम निर्माण की फोटो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस तरह से आर ई एस विभाग से ठेकेदार के द्वारा बनाया जा रहा स्टापडेम का जीवन कितने दिन चल सकता है। स्टापडेम बनगवां पंचायत में बन रहा है पर लोग इसे दमदहा नाला बरही के नाम से ही जानते हैं यह स्टापडेम विजयनाथ धाम से सूर्य सनातन धाम को जोड़ने में अहम भूमिका निभायेगा यहां पानी का रूकाव भी बहुत जरूरी हो जाता है यह स्टापडेम बरही क्षेत्र के लिए विजयनाथ धाम के लिए और दमदहा नाला के उस पार सूर्य सनातन क्षेत्र में बसे हजारों परिवारों के लोगों के लिए अति महत्वपूर्ण है ऐसे में जिम्मेदार व विभागीय अधिकारी इंजीनियरिंग और ठेकेदार को चाहिए कि स्टापडेम निर्माण में कोई भी लापरवाही न बरते और निर्माण कार्य मजबूती के साथ करें क्या ऐसा हो सकता है या ऐसे ही चलता रहेगा। जब देशबन्धु संवाददाता बरही जिम्मेदार एसडीओ राकेश जैन से स्टापडेम निर्माण की जानकारी जाननी चाही तो उनका फोन नहीं उठा।

### प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से निगमायुक्त ने अधिकारी कर्मचारियों के दायित्वों में किया फेरबदल



**कटनी, देशबन्धु।** निगमायुक्त नीलेश दुबे ने प्रशासनिक कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम में कार्यरत शैलेन्द्र प्यासी को अतिक्रमण प्रभारी के दायित्वों से मुक्त करते हुए मानेन्द्र सिंह को वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ अतिक्रमण शाखा प्रभारी एवं कार्यपालन यंत्री, उपयंत्री जल प्रदाय विभाग के निर्देशन में नवीन एवं पुराना जलशोधन संयंत्र पंप हाउस के संचालन एवं संधारण संबंधी कार्यों के लिए सुपरविजन का दायित्व तत्काल प्रभाव से सौंपा है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में राकेश रजक, स्थाई कर्मी और देवेन्द्र वाजपेई फिक्स वेतन कर्मचारी को ट्रेड लायसेंस के दायित्वों से मुक्त करते हुए अतिक्रमण शाखा में अतिक्रमण प्रभारी के निर्देशन में विभागीय कार्य संपादित करने हेतु निर्देशित किया है। जबकि अभिषेक बघेल, उद्यान पर्यवेक्षक को विभागाध्यक्ष के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 01 से 45 तक ट्रेड लायसेंस वसूली कार्य का दायित्व सौंपा गया है। निगमायुक्त श्री दुबे ने अतिक्रमण शाखा को प्रतिदिन शहर के मुख्य मार्गों में पेट्रोलिंग एवं मुनादी करते हुए अस्थाई अतिक्रमण को हटाते एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने की कार्यवाही करने तथा यातायात विभाग से समन्वय स्थापित कर सुगम आवागमन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है। इसके अतिरिक्त निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा अतिक्रमण विभाग को अवैध निर्माण, स्थाई अतिक्रमण, बेजा कब्जा, अवैध कालोनी निर्माण में कार्यपालन यंत्री, क्षेत्रीय उपयंत्री को आवश्यक सहयोग प्रदान करने, सीएम हेल्पलाइन में अस्थाई अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों को एल-1 स्तर पर ही निराकरण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के साथ ही समय-समय पर जारी आदेशों, निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### आयुष्मान कार्ड की सुविधा हेतु वार्ड क्रमांक 6 से 10 तक में आयोजित हुए शिविर

**कटनी, देशबन्धु।** शासन निर्देशानुसार नगर निगम सीमांतर्गत निवासरत 45 वार्डों के श्रमिक कार्डधारकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देशन में वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्य हेतु आयुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा क्षेत्रीय वार्ड दरोगाओं को दायित्व सौंपे है। आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेश के तहत गुरूवार 15 मई को गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड स्थित स्वर्णकार स्कूल चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित धन्तीबाई स्कूल, जालपा देवी वार्ड स्थित सोनी धर्मशाला, महात्मा गांधी वार्ड स्थित तिलक राष्ट्रीय स्कूल सहित जयप्रकाश वार्ड स्थित रोचलानी चौराहा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौश्रान नगर निगम के वार्ड दरोगाओं एवं स्वास्थ विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमिक कार्डधारियों को आयोजित शिविर की सूचना प्रदान की जाकर शिविर के माध्यम से श्रमिक कार्डधारियों के आयुष्मान कार्ड बनानें का कार्य किया गया। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार शुक्रवार 16 मई को पुनः इन्ही पांच वार्डो में शिविर का आयोजन किया जाकर आयुष्मान कार्ड की सुविधा का लाभ प्राप्त करने से वंचित कार्डधारियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि इस योजना के माध्यम प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्थाओं एवं शासन द्वारा चिन्हित निजी स्वास्थ्य संस्था में प्रतिवर्ष 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क उपचार करा सकते है।

# नहीं जली भ्रष्टाचार की सोलर लाइट

## नियम विरुद्ध 9 पंचायतों में 21.69 लाख की खरीदी, वसूली के आदेश



**कटनी, देशबन्धु।** जिला पंचायत के सीईओ एवं विहित प्राधिकारी शिशिर गेमावत ने विकासखंड ढीमरखेड़ा की 9 ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट की नियम विरुद्ध खरीदी के प्रकरणों में सख्त कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 21 लाख 69 हजार रुपये की वसूली योग्य अधिरोपित राशि की कार्यवाही की है।

जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत खाम्हा, घुघरी, बम्हनी, देवरी मंगेला, खम्हरिया, हरदी, अंतर्वेद, भमका और ग्राम पंचायत पचपेढ़ी के तत्कालीन सरपंच और सचिव द्वारा भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए सोलर लाइट की खरीदी अनियमित व्यय की राशि वसूली का नोटिस जारी किया गया था, जिस पर आगे की कार्यवाही करते हुए वसूली योग्य अधिरोपित राशि जमा करने का नोटिस जारी किया गया।

**इन ग्राम पंचायतों में हुई बंदरबांट**

विकासखंड ढीमरखेड़ा की जिन 9 ग्राम पंचायतों के द्वारा सोलर लाइट खरीदी भंडार क्रय नियमों के विरुद्ध की गई है उसमें ग्राम पंचायत खाम्हा के तत्कालीन सरपंच लीलाबाई एवं सचिव महेंद्र सिंह द्वारा 1 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 33 हजार, ग्राम पंचायत गोगरी तत्कालीन सरपंच प्रमोद गौतम एवं तत्कालीन सचिव रामदास बर्मन द्वारा 5 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 1 लाख 65 हजार, ग्राम पंचायत बम्हनी के तत्कालीन सरपंच राजाराम काछी एवं सचिव सुरेश चंद्र काछी के द्वारा 12 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 3 लाख 82 हजार, ग्राम पंचायत देवरी मंगेला के तत्कालीन सरपंच संतोष यादव व तत्कालीन सचिव धनेंद्र मिश्रा के द्वारा 7 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 2 लाख 31 हजार, ग्राम पंचायत खम्हारिया की तत्कालीन सरपंच मुन्नीबाई गुप्ता सचिव दीनू राम साहू के द्वारा 1 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 33 हजार, ग्राम पंचायत हरदी के तत्कालीन सरपंच साधना दीक्षित एवं सचिव राजेश गौतम के द्वारा 22 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 9 लाख 62 हजार, ग्राम पंचायत अंतर्वेद हीरालाल पाल एवं सचिव बशरुलहक द्वारा 1 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 33 हजार, ग्राम पंचायत भमका की तात्कालिक सरपंच चेनाबाई व सचिव हरभजन सिंह द्वारा 5 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 1 लाख 65 हजार और ग्राम पंचायत पचपेढ़ी की तात्कालिक सरपंच संपत बाई झरिया व सचिव रमेश झरिया के द्वारा 5 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 1 लाख 65 हजार है, जिसमें भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करने पर अनियमित व्यय वसूली की कार्रवाई के आदेश जिला पंचायत के सीईओ और विहित प्राधिकारी श्री शिशिर गेमावत मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 89 के अंतर्गत राशि वसूली के आदेश जारी किये गए।

## शिव बने पांचवी बार अध्यक्ष नरेंद्र बने उनके महामंत्री



**कटनी, देशबन्धु।** रक्षा मंत्रालय की जिले में एक मात्र आयुध निर्माणी की सबसे पुरानी यूनियन मजदूर संघ की साधारण सभा यूनियन मंच में गुरूवार को संपन्न हुई। जिसमें पूर्व सूचना के अनुसार मजदूर संघ की त्रैवार्षिक निर्वाचन निर्विरोध एवं ध्वनिमत से संपन्न हुए। साधारण सभा में बड़ी संख्या में मजदूर संघ के सदस्य उपस्थित हुए। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जेसीएम लीडर राकेश मिश्रा ने बताया कि, पदाधिकारियों के नाम वरिष्ठ सदस्य संजय तिवारी ने प्रस्तावित किया, जिसका जेसीएम सदस्य विजय सिंह ने किया। पदाधिकारियों का निर्वाचन उपस्थित सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से एकमतेन चयन किया गया। एआईडीईएफ के राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पदों पर अपना दायित्व निभाने वाले जुझारू और वरिष्ठ सदस्य श्री शिव पाण्डेय जी को लगातार पांचवी बार अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया गया। उसके साथ ही उपाध्यक्ष के पद पर राजेश दुबे, देवेंद्र पाढ़ी, के लक्ष्मण महामंत्री के पद पर नरेंद्र पटेल सह मंत्री संजय तिवारी और आनंद पाण्डेय, कोषाध्यक्ष के पद पर राकेश मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष के पद पर शरद धुर्वे, संगठन मंत्री के पद पर महेश प्रसाद और इंद्रभूषण, प्रचार मंत्री के पद पर मनीष तिवारी, दुर्गेश सिंह, कर्मू कुमार घाँसी और जितेंद्र सिंह सहित कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सादिक अली, अजय परौहा, विजय सिंह, राजेश कुशवाहा, महेंद्र यादव, जंगबहादुर सिंह, सतीश कैथल, मिस्वाहुद्दीन सिद्दीकी, अनंत चरण मुर्मू, मोहब्बत सिंह, संजीव सिंह, प्रदीप तिवारी, विकास नीलकंठ, देवव्रत नायक, संजय बघेल को निर्वाचित किया गया। कार्यसमिति सदस्य जितेंद्र सिंह और मनीष तिवारी ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि, निर्वाचित सभी पदाधिकारी पूरी ऊर्जा के साथ कर्मचारियों की बेहतरी के लिये काम करेंगे। उपस्थित जेसीएम सदस्य सादिक अली ने कहा कि, मजदूर संघ की नई कार्यकारिणी अपने मूल स्वरूप के अनुसार, निर्माणी मे कर्मचारियों के समक्ष आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिये सशक्त और मजबूत रहेगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर में संचालित हो रहे 27 प्याऊ

**कटनी, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर नगर में जन सहभागिता के किये जा रहे प्रयासों के तहत जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है। नगर निगम कटनी के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहर में संचालित हो रहीं गतिविधियों में स्वयंसेवी एवं समाजसेवी संस्थाए भी आगे आकर जल का संरक्षण करने का संदेश दे रहीं है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पेयजल उपलब्धता को लेकर शहर में विभिन्न स्थानों में सार्वजनिक प्याऊ खोले गए है, जिनमें सुभाष चौक,नगर निगम कार्यालय के बाहर,पुरानी कचहरी के बाहर,कटनी जंक्शन चौराहा,जिला चिकित्सालय के सामने,बस स्टैंड परिसर, नदीपार कैलवारा मोड,नगर निगम कार्यालय परिसर, माधवनगर गेट, एस.डी.एम कार्यालय परिसर, माधव नगर उप-कार्यालय के अलावा समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भी नगर के विभिन्न स्थलों में प्याऊ संचालित हो रहे हैं। जिनमें निगम द्वारा व्यावस्थाएं की जा रही है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आम नागरिकों और राहगीरों को निःशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न 11 स्थलों में पर्याप्त छाया की व्यवस्था की जाकर सार्वजनिक प्याऊ खोले गए है।

# केवल 6 हैंडपंपों के सहारे मोहतरा की पेयजल व्यवस्था

**बाकल, देशबन्धु।** पठार क्षेत्र में बाकल से 6 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मोहतरा के वाशिंदे पिछले 20 दिनों से भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे है। करीब साढ़े तीन हजार की आबादी वाले गांव में लोगों को बूंद-बूंद पानी के लाले पड़े हुए है। ग्राम में प्रधानमंत्री हर घर नल जल योजना का पानी मिल रहा था लेकिन 20 दिन पहले अचानक सबमर्सिबल पंप बोल गया और सुधारने के लिए निकालते समय बोर में फंस गया। तब से लेकर अब तक की कोशिशें नाकाम है, जिससे लोग परेशान होकर भटक रहे हैं। बोरिंग में मोटर फस जाने को लेकर सप्लाई बंद हो गई।



**20 दिनों से बोर में फंसा सबमर्सिबल, लोगों को बूंद-बूंद पानी के लाले**

सरपंच का विजय शुक्ला कहना है कि मोटर निकलवाने तरह-तरह के प्रयास किए गए किंतु प्रयास असफल रहे इस संबंध में अनेकों बार विभागीय अधिकारियों को भी फोन किया गया। संतोशजनक जवाब न मिलने के कारण संकट बढता गया गांव में लगे 16 हैंड पंप है, लेकिन केवल 6 पानी दे पा रहे हैं। आधे से ज्यादा बंद पड़े हैं और जो चालू है जलस्तर नीचे जाने से पानी की जगह हवा उगल रहे ऐसी स्थिति में ग्रामवासी बूंद बूंद पानी को भटक रहे हैं।

**इनका कहना है**

नए बोरिंग के लिए मंजूरी मिल गई है एक-दो दिनों में बोरिंग कर शीघ्र पेय जल आपूर्ति बहाल कराई जावेगी।

**- विजय शुक्ला, सरपंच ग्राम पंचायत मोहतरा**

नल जल योजना ग्राम पंचायत के सुपुर्द है नवीन वोर के लिए आवेदन आया था टीसी बना कर दे दिया है।

**- विकल्प पटेल, एसडीओ पीएचई**

# आपात स्थिति के दौरान कार्ययोजना तैयार कर अमल करना होगा : अपर कलेक्टर

## आपातकालीन चुनौतियों से निपटने अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को दिया गया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**कटनी, देशबन्धु।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, अग्निशमन दस्ता, स्वास्थ्य विभाग और वन विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को तथा नगर निगम के सभी 45 वार्डों के स्वयंसेवकों को आपातकालीन परिस्थिति में आपदा प्रबंधन के तौर-तरीके विषय विशेषज्ञों द्वारा बताए गए।

राष्ट्रीय परिस्थितियों और देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर आपदा प्रबंधन के नजरिये से दक्ष और कुशल मानव संसाधन तैयार करने तथा सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और पुख्ता बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने कहा कि सभी विभागों को आपात स्थिति के दौरान तय मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत कार्य करने की कार्य योजना तैयार कर अमल करना होगा। आपात स्थिति में नागरिक जरूरतों से संबंधित सीधे सरोकार रखने वाली व्यवस्थाओं पर खास ध्यान देना होगा। इसके लिए सभी विभागों को अभी से कमर कसनी होगी। वहीं प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान ब्लैक आउट, सायरन के प्रकार और आपदा



बचाव के दौरान उपयोग होने वाले उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इमरजेंसी रेस्क्यू के दौरान सामान्य और बहुमंजिला इमारतों के मलबा से लोगों को निकालने की जानकारी दी। शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य चित्रा प्रभात ने प्रशिक्षणार्थियों को नागरिक सुरक्षा और 12 आपात सेवाओं के बारे में बताया। जिसमें संचार सेवा, अग्निशमन सेवा, प्रशिक्षण सेवा, बचाव सेवा, वार्डन सेवा, हताहत सेवा, सामग्री वितरण सेवा तथा यातायात और परिवहन सेवा आदि के बारे में बिंदुवार जानकारी दी। पुलिस यातायात प्रभारी राहुल पांडे ने आपात स्थिति में यातायात प्रबंधन और भीड़ प्रबंधन के नजरिये से प्रशिक्षणार्थियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से आपदा की स्थिति में घायल व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे व्यक्ति को कम से कम समय में प्राथमिक उपचार देने और फिर आवश्यकता के अनुसार मरीज को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजने का इंतजाम करने के संबंध में बताया। इस दौरान जहां आग लगने पर राहत एवं बचाव की जानकारी दी गई वहीं एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने जिला प्रशासन और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय कर आपदा की चुनौती से निपटने के तौर-तरीके बताए।